पूर्व क्षेत्र बिजली कंपनी ने लागू किया पेंशन मैनेजमेंट सिस्टम

चर्चा में क्यों?

14 फरवरी, 2022 को मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को पेंशन से संबंधित सभी जानकारी सर्व संबंधितों को एक ही पटल पर उपलब्ध कराने एवं उसकी समीक्षा की व्यवस्था के उद्देश्य से पेंशन मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- पेंशन मैनेजमेंट सिस्टम लागू होने से अब पेंशन प्रकरणों से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिये अधिकारी एवं कर्मचारियों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। कंपनी द्वारा पेंशन निर्धारण की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और आटोमेटिक बनाया गया है।
- कंपनी से सेवानिवृत्त होने जा रहे अधिकारी एवं कर्मचारियों के आवेदन प्रस्तुत करने से लेकर पेंशन आदेश (पीओ), पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) जारी होने तक की जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी।
- इस प्रणाली में प्रस्तुत किये गए आवेदन के अनुमोदन एवं आदेश जारी होने की सूचना संबंधित पेंशनर को एसएमएस के माध्यम से भेजी जाएगी।
- पेंशन मैनेजमेंट सिस्टम के लिये अलग से पोर्टल **pms.mpez.co.in** बनाया गया है। इस पर लॉगिन कर पेंशन प्रकरण से संबंधित संपूर्ण जानकारी आसानी से प्राप्त की जा सकेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/east-zone-electricity-company-implemented-pension-management-system